>

Title: Need to lay Lieutenant General Anderson and Brigadier P.S.Bhagat's 1962 war report in Parliament.

श्री तापिर गाव (अरुणाचल पूर्व): माननीय अध्यक्ष महोदय, आज 1962 की लड़ाई को 58 वर्ष हो चुके हैं। भारत देश ने 1965 में लड़ाई लड़ी, 1971 में लड़ाई लड़ी, कारगिल युद्ध लड़ा, लेकिन हमारे संविधान की परम्परा है कि उस लड़ाई की रिपोर्ट को इस सदन में रखना चाहिए। इस हाउस की दीवार गवाह है कि 58 ईयर्स में 1962 की लड़ाई का लेफ्टिनेंट जनरल एंडरसन ब्रूक्स और ब्रिगेडियर पी.एस. भगत की रिपोर्ट आज तक सदन में क्यों नहीं रखी गई? यह मिलिट्री पॉइंट ऑफ व्यू में भी और पब्लिक पॉइंट ऑफ व्यू में भी हजारों की संख्या में 1962 की लड़ाई में शहीद हुए। उन परिवारों के लिए भी आज मैं अपनी सरकार से यह माँग कर रहा हूँ कि उसमें हमारी कोई कमी नहीं है। मिलिट्री को भी जानना चाहिए कि भारत चाइना से कैसे हारा? इससे हम सबक सीखेंगे और हजारों की संख्या में जो शहीद हुए, उनके परिवार को भी सुकून मिलेगा। इसलिए बार-बार इस तरफ से भी जब रूलिंग होती है, हमारी पार्टी मांग करती आई है, हमारे पास रूलिंग है। लेफ्टिनेंट जनरल एंडरसन ब्रूक्स और ब्रिगेडियर पी.एस. भगत की 1962 की लड़ाई की रिपोर्ट को इस सदन में रखना चाहिए, क्योंकि आने वाली पीढ़ी इसको देखे, जाने और यह देश के हित में है। थैंक यू सर।

माननीय अध्यक्ष: श्री कुलदीप राय शर्मा एवं कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री तापिर गाव द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

SUBMISSION BY MEMBER

Re: Need to include Bhojpuri, Bhoti and Rajasthani in Eighth Schedule of the Constitution